तैयारी | यूपी के जेवर में बनने वाली फिल्म सिटी में समाएगा पूरा भारत, देश-प्रदेश के प्रमुख स्थलों की लोकेशन के सेट भी यहां मिलेंगे

# यूपी की फिल्म सिटी में बनेंगे अयोध्या-काशी के घाट

लखनऊ, विशेष संवाददाता। यूपी की फिल्म सिटी में निर्माता निर्देशक केवल आइडिया लेकर आएंगे और पूरी फिल्म बना कर वापस जाएंगे। यूपी के जेवर में बनने वाली इंटरनेशनल फिल्म सिटी मुख्यमंत्री योगी की ड्रीम प्रोजेक्ट है। इसे कुछ यों बनाया जाएगा कि निर्माताओं निर्देशकों को हर तरह की सुविधा यहां मिल सके। इस फिल्म सिटी में अयोध्या, वाराणसी के घाट, हिमाचल के बाजार, कश्मीर की डल झील से लेकर केदारनाथ समेत सारे प्रसिद्ध मंदिरों के सेट भी बनाए जाएंगे।

फिल्म निर्माताओं को शूटिंग के लिए अलग-अलग जगहों पर नहीं जाना पड़ेगा। फिल्म सिटी में ही पूरा भारत मिलेगा। कश्मीर और हिमाचल के बर्फ से ढके पहाड़ों से



लेकर गोवा के प्राकृतिक समुद्र तटों तक और दिल्ली की प्रमुख इमारतों से लेकर केरल की हरियाली तक, एक ही स्थान पर मिलेगी।

**यीडा क्षेत्र में हो रहा निर्माण:** यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में निर्मित होने वाली इस फिल्म सिटी को विकसित करने की जिम्मेदारी बोनी कपूर व भूटानी इंफ्रा के वेंचर बेव्यू प्रोजेक्ट्स एलएलपी को मिली है।

**विभिन्न राज्यों के प्रमुख स्थल :** यीडा के सीईओ अरुणवीर सिंह ने बताया कि फिल्म सिटी में भारत के विभिन्न राज्यों के प्रमुख स्थलों के सेट बनाए जाएंगे। इनमें दिल्ली की प्रमुख इमारतें मसलन संसद भवन से लेकर राष्ट्रपति भवन तक, पंजाब की हरियाली, स्वर्ण मंदिर, राजस्थान के रेगिस्तान, किले और पर्यटन स्थल शामिल हैं। इसके साथ ही गुजरात के सोमनाथ मंदिर से लेकर महाराष्ट्र के विभिन्न स्थानों को यहां दर्शाया जाएगा। इससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। सैलानियों की संख्या में भी इजाफा हो सकेगा।

**230**

एकड़ के करीब भूमि पर किया जाएगा जेवर में फिल्म सिटी का निर्माण

- कश्मीर, हिमाचल, गोवा की झलक मिलेगी

## यूपी के जाने-माने स्थल भी यहां नजर आएंगे

उत्तर प्रदेश में अयोध्या और काशी के घाट हों, लखनऊ का इमामबाड़ा हो या झांसी, आगरा समेत अन्य जिलों के शानदार किले, निर्माता-निर्देशकों को यहां सभी तरह के तैयार सेट मिलेंगे। इसके अतिरिक्त कई विदेशी जगहों की झलक भी यहां मिलेगी जहां शूटिंग की जा सकेगी।

## मेडिकल डिवाइस पार्क में कैंसर केयर व अन्य सुविधाएं

लखनऊ, विसं। ग्रेटर नोएडा में यीडा द्वारा विकसित मेडिकल डिवाइस पार्क में गामा रेडिएशन सुविधा के जरिए कैंसर केयर समेत तमाम सुविधाएं होंगी। कैंसर केयर व रेडियोलॉजी मेडिकल डिवाइस, इमेजिंग मेडिकल डिवाइसेस, एनेस्थेटिक्स व कार्डियो रेस्पिरेटरी तथा पेसमेकर्स व कोकलियर इंप्लांट डिवाइस से संबंधित उपकरणलैस करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सेक्टर 28 में विकसित किए जा रहे मेडिकल डिवाइस पार्क में 5 क्षेत्रों से जुड़ी चिकित्सीय सुविधाएं होंगी। कैंसर केयर-रेडियोथेरेपी मेडिकल डिवाइसेस के संयंत्र के तौर पर रोटेशन कोबाल्ट मशीन, रेडियोथेरेपी सिमुलेशन सिस्टम, लीनैक 4 ब्रैकीथेरेपी सिस्टम का विकास संभव होगा।